हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 जुलाई 2024

11 महिला पुलिस ने स्कूली छात्राओं को किया जागरूक



12 भ्रष्टचार करने वाला कोई भी बख्शा नहीं जाएगा : राज्य मंत्री



## खबर संक्षेप

### भूना में डोडा पोस्त सहित बाइक सवार गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में फतेहाबाद पुलिस ने बाईक सवार युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में नशीले पदाथार्ं की तस्करी रोकने को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भूना-कुलां रोड़ पर गांव कानीखेड़ा बस स्टैण्ड के पास पहुंची तो सामने से एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और मोटरसाइकिल को वापस मोड़ने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम दलबीर सिंह उर्फ कालिया निवासी कानीखेड़ा बताया।

### रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक 8 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की डिपो की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान विजय नागपुर ने की जबकि संघ के राज्य उप प्रधान कुलदीप पाबड़ा ने विशेष रुप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को मांगों को पूरा करवाने तथा उन पर मंथन करने को लेकर संघ की राज्य स्तरीय बैठक 8 जुलाई सोमवार को हिसार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में संघ के सरंक्षण दलबीर किरमारा भी शिरकत करेंगे।

### आयुष्मान अस्पताल में जांच शिविर 13 को

**सिरसा।** शहर के मालगोदाम रोड पर स्थित आयुष्मान अस्पताल आगामी 13 जुलाई को स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधक रमेश कुमार ने बताया कि 13 जुलाई को यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर चलेगा। शिविर में कोलेस्ट्रोल जांच, थाईराईड, बीपी, शुगर व 3 महीने वाली शुगर जांच निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा फाईबरोस्कैन, एंडोस्कॉपी, कॉलोनोस्कोपी, सिग्मोयडोस्कॉपी में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाएं।

### महिला 9.15 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने गश्त के दौरान देसूजोधा क्षेत्र से एक महिला को 9.15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव देसूजोधा निवासी महिला नशा तस्करी का कार्य करती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने फौरन उपरोक्त गांव में संबंधित महिला के घर की तलाशी ली तो महिला के दुपट्टे में बंधी हुई वस्तु मिली। पुलिस ने इस वस्तु की जांच कर उसे हैरोइन पाया जिसका वजन 9.15 ग्राम हुआ।

### दुकान में व्यक्ति की जेब से 14 हजार निकाले

**सिरसा।** एमसी मार्केट में एक दुकान से मोबाइल का चार्जर लेने गए गांव शेखुपुरिया निवासी व्यक्ति की भीड़ का फायदा उठाकर शातिर व्यक्ति ने जेबतराशी कर डाली। जेब में 14 हजार रुपए की नकदी थी। पुलिस को शिकायत में राजेंद्र कुमार ने बताया कि दोपहर को वह एमसी मार्केट में स्थित गणपति मोबाइल पर चार्जर लेने के लिए गया था। दुकान में भीड़ अधिक थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर शातिर व्यक्ति उसकी जेब से 14 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गया। जब चार्जर लेने के बाद उसने पैसे देनेके लिए जेब में हाथ डाला तो उसे घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## त्रिपुरा के पूर्व सीएम ने फतेहाबाद में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

# भाजपा सरकार ने योग्यता के आधार पर दी नौकरियां : बिप्लब कुमार देब

बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा के विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब ने शुक्रवार को फतेहाबाद में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बैठक में विशेष तौर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, फतेहाबाद के विधायक दूड़ाराम, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, डॉ. अशोक तंवर, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, हरियाणा सरकार के चेयरमैन वेद फुलां, भारत भूषण मिड्ढा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

इसके साथ ही उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी की 10 साल व राज्य की भाजपा सरकार की साढ़े 9 साल की उपलब्धियों व योजनाओं पर प्रकाश डाला। मंच संचालन जिला महामंत्री अशोक जाखड़ ने किया। प्रदेश सहप्रभारी बिप्लब कुमार देव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सबसे ईमानदार सरकार साबित हुई है। युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी गई। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक एक लाभार्थी तक सीधे तौर पर पहुंचाया गया। किसान, मजदूर, महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों, युवाओं हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए हाल ही में भाजपा सरकार ने पंचायत व सरपंचों के हित में अनेक कल्याकारी घोषणाएं की है। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत प्रति दिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुना जा रहा है और तत्परता से उनका समाधान करवाया जा रहा है। भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं से जनता बहुत खुश है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव सिर पर हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपनी कमर कस लें और फिल्ड में उतर कर भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं का पुरजोर प्रचार करें और कड़ी मेहनत के साथ प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करें। इस अवसर पर अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**फतेहाबाद।** पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते प्रदेश सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब।



**फतेहाबाद।** जेल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करती सीजेएम गायत्री।

# जेल में लोक अदालत लगाई तीन बंदियों को किया रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल 2, हिसार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने की। जेल लोक अदालत में विभिन्न अदालतों में लंबित तीन मामले रखे गए जिनका मौके पर समाधान किया गया। इन 3 मामलों में 3 बंदियों को सजा मुक्त किया गया।

सीजेएम गायत्री ने बताया कि जेल लोक अदालत हर महीने लगाई जाती है जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। इसके उपरांत सीजेएम ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। सीजेएम ने विचाराधीन महिला कैदियों बारे जेल प्रशासन से पूछताछ की। उन्होंने विचाराधीन महिला कैदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, जिस के संबंध में कोई मौखिक शिकायत नहीं दी। इसके अलावा जेल परिसर का भी निरीक्षण किया और साफ सुथरा पाया गया। उन्होंने कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत करवाया गया कि यदि उनके पास अपने केस को डिफेंस करने के लिए वकील नहीं है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त वकील ले सकते हैं।

# समाधान शिविर में 28 समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित हो रहे समाधान शिविर में जनता की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने पुलिस विभाग से सबंधित शिकायतों को सुना। शुक्रवार को समाधान शिविर में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 28 का मौके पर समाधान किया गया। शेष समस्याओं के निदान के लिए मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए समाधान शिविर में कुल 48 शिकायतों में से क्रीड की 35 शिकायतों में से 19, समाज कल्याण विभाग की 2 शिकायतों में से 2, खाद्य आपूर्ति विभाग की 4 शिकायतों में से 4, यूएलबी की एक शिकायत में से एक तथा स्वास्थ्य विभाग की 2 शिकायतों में से 2 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया।

शिविर में पुलिस विभाग की 4 समस्या रखी गई, जो लंबित रही। एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनते एसपी आस्था मोदी व एडीसी राहुल मोदी। *फोटो : हरिभूमि*

# जल चौपाल के दौरान सुनी जाएंगी पेयजल समस्याएं

■ स्वच्छ पानी देने के लिए हर गांव में होगी जल चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जन स्वास्थ्य आभियांत्रिक विभाग द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत हर घर को स्वच्छ पानी सुनिश्चित करने के लिए जिले के हर गांव में जल चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जल चौपाल में गांव के लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उन समस्याओं पर कार्य करते हुए जल संरक्षण अभियान की कार्य योजना ग्राम स्तर पर तैयार की जाएगी। यह जानकारी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सलाहकार शर्मा चंद लाली ने विभाग के कार्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों को जल संरक्षण के बारे में मोटिवेट करके व गांव स्तर पर जल चौपाल का आयोजन करके स्कूली बच्चों व ग्रामीणों की मदद से विभाग जल संरक्षण का अभियान चलाएगा। वर्तमान में लगातार पीने के पानी की खपत बढ़ रही है और पीने के पानी की उपलब्धता लगातर घट रही है। आने वाले समय में पीने का पानी एक गंभीर समस्या बन सकती है, इसलिए आज आमजन को आगे आकर जल संरक्षण अभियान में भाग लेने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिले के सभी शहरों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टीम बनाकर घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। इस दौरान जिसने भी पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा सब्जी लगा रखी है उनके कनेक्शन तुंरत प्रभाव से काटे जा रहे हैं। इसके साथ-साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है जिनके बिल बकाया है उनको भी नोटिस दिया जाएगा। यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जायेंगे, ताकि जिले के हर घर को पीने का पानी मिल सके। इस दौरान खंड संयोजक शमशेर सिंह, मुकेश बंसल, रीटा रानी, नीलम रानी, ज्योति, उर्मिला, कुलदीप सिंह, संजीव कुमार, मीनू रानी, सुमन रानी, सतपाल कौर, अवतार सिंह आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जन स्वास्थ्य आभियांत्रिकी कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते सलाहकार शर्मा चंद लाली। *फोटो : हरिभूमि*

### फैक्ट्री में घुसकर चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**रतिया।** चोरों ने फतेहाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री से मोटरें सहित काफी सामान चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी रतिया निवासी एडवोकेट संजय कुमार जैन ने कहा है कि उसकी फतेहाबाद रोड पर फैक्ट्री है। गत दिवस शाम को वह फैक्ट्री व सामान को सही संभालकर घर आया था। कुछ दिन बाद जब वह वापस फैक्ट्री में गया तो उसने देखा कि उसकी फैक्ट्री के गोदाम का गेट टूटा पड़ा था और गोदाम में सारा सामान बिखरा हुआ था। जब उसने सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर वहां से 3 फेस की 6 मोटरों सहित काफी सामान चोरी कर ले गए हैं। इस पर पहले उसने आसपास सामान की तलाश की बाद में इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## कर्मचारी कल करनाल में करेंगे प्रदर्शन



**फतेहाबाद।** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के जिला प्रधान संदीप पूनिया ने बताया कि 7 जुलाई को करनाल में लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों द्वारा रा'य स्तरीय विरोध प्रदर्शन व मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इसके लिए जिला के पदाधिकारियों उपप्रधान बिरेंद्र भारद्वाज, सचिव राजाराम हुडा, प्रेस सचिव चितरंजन साहू, महिला विंग प्रधान सरोज रानी, महिला विंग उपप्रधान रीतू के नेतृत्व में टीमें बनाकर विभिन्न विभागों, बोडार्ें में कार्यरत कर्मचारियों से संपर्क कर 7 जुलाई को होने वाले विरोध प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। इस कड़ी में आज उपायुक्त कार्यालय, एसडीएम कार्यालय रतिया व टोहना, तहसील, शिक्षा विभाग, जिला समाज कल्याण, जिला कल्याण, फूड सप्लाई, एक्साइज टैक्सेशन, कृषि, पीडब्ल्यूडी, डाइट मताना, डीटीपी, ट्रेजरी, नगरपरिषद, नगरपालिका सहित विभिन्न विभागों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उपप्रधान बीरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि लिपिकीय वर्ग ने अपनी तर्कसंगत मांगों को लेकर 42 दिन आंदोलन चलाया था परंतु सरकार ने हमारे जायज मांग की ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है, जिससे इन कर्मचारियों में काफी रोष है।

# विधायक ने सम्पर्क मार्ग का किया शिलान्यास

■ रतिया विधानसभा क्षेत्र का विकास प्राथमिकता : नापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

विधायक लक्ष्मण नापा ने शुक्रवार को अहरवां-भिरडाना रोड से भिरडाना-रजाबाद रोड तक बनने वाले सम्पर्क मार्ग का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड स्कीम के तहत अहरवां-भिरडाना रोड़ से भिरडाना-रजाबाद रोड़ तक बनने वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रतिया विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। हर गांव व ढाणियां मुख्य सड़क से कनेक्ट हो, इसके लिये वे हमेशा फिक्रमंद हैं, इसलिए इसका निर्माण कार्य काफी गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रतिया विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए वह प्रतिबद्ध है। गावों की सड़कों को पक्की बनाने के लिए उनकी ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। रतिया हल्के को विकास के मामले में किसी भी क्षेत्र में कम नहीं रहने दिया जाएगा। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष हवा सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा, हरीश आहूजा, बिट्टू पहलवान, प्रमोद बंसल, रविन्द्र लाम्बा, सरपंच जितेंद्र, जीत काताखेरी, मक्खन बुक, बलदेव सिंह, सोना सिंह, राजवीन्द्र सिंह, नरेन्द्र आहूजा, सुखविंद्र विनायक मौजूद रहे।




**रतिया।** भिरडाना-रजाबाद रोड तक सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास करते विधायक लक्ष्मण नापा। *फोटो : हरिभूमि*

## पौधे पर रसायन का छिड़काव होते ही दो घंटे में पीली पड़ जाती हैं पत्तियां

# मूंग की फसल को सुखाने के लिए किसान कर रहे जहरीला छिड़काव

दलबीर सिंह ▶▶| भूना

मानसून की बारिश शुरू होने से मात्र 2 दिन पहले ही खेतों में मूंग की फसल पर खतरनाक जहर का छिड़काव हो रहा है, जो देखते ही देखते हरे भरे खेत को मात्र कुछ ही घंटों में सुखा देती है। फसल सूखने के बाद किसान मशीन की मदद से मूंग फसल की पैदावार ले रहे है, मगर कृषि विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ है। खेतों में जिस दवाई का छिड़काव हो रहा है उसका नाम ग्रामोक्सोन तथा दूसरी पैराक्वाट डायक्लोराड-24 एसएल नॉन सिलेक्टिव है। यह एक खतरनाक रासायनिक मिश्रण है। जिस पौधे पर इसका छिड़काव होता है, उसकी पत्तियां केवल दो घंटे के भीतर पीली पड़ जाती हैं और अगले 12 से 24 घंटे में पूरा पेड़ सूख जाता है। मानसून बारिश के चलते खंड में कई गांवों के किसान मूंग की फसल को जल्दी काटने के लिए इन दिनों इस रसायन का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक जिले में मूंग की खेती 2325 हेक्टेयर है। गर्मी की मूंग तकरीबन दो माह की अवधि में पककर तैयार हो जाती है।



**भूना।** कीटनाशक के प्रभाव से सूखी मूंग की फसल। *फोटो : हरिभूमि*

### मूंग व ढेंचा को ग्रीन खाद के लिए करते हैं इस्तेमाल

आर्गेनिक खेती सलाहकार बंटी कटारिया ने कहा कि धान रोपाई से पहले किसान ग्रीन खाद जमीन में उपयोग के लिए ढेंचा व मूंग की बिजाई भी करते है, परंतु बड़ी संख्या में किसान मूंग की पैदावार भी लेते हैं। पैदावार के तुरंत बाद धान की रोपाई शुरू हो जाती है। मानसून की बारिश का फायदा उठाने के लिए काफी संख्या में किसान मूंग की पकाने को तैयार फसल पर जहरीला कीटनाशक का छिड़काव करके उत्पादन ले रहे हैं जो बहुत ही सेहत के लिए नुकसानदायक है। आधिकारिक तौर पर बताया गया है कि मूंग की फसल पर जो कीटनाशक का छिड़काव होता है उसका प्रभाव कई महीनो तक मूंग के दाने में रहता है। जो वह दाना खाएगा वह बड़े रोग की चपेट में भी आ सकता है। लेकिन जो किसान मूंग व ढेंचा को रोटावेटर से जमीन की मिट्टी में रौंद देता है तो वह आगामी फसल के लिए बहुत ही गुणकारी होता है। खतरनाक रासायनिक मिश्रण व यूरिया डीएपी की वजह से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### प्राकृतिक खेती को ही दें बढ़ावा और जहर परोसने से बचें

उन्नत कृषि के लिए विभिन्न अवार्ड से सम्मानित प्रगतिशील किसान हरि सिंह गोदारा कहते हैं कि मूंग की फसल पर जहरीला पदार्थ छिड़काव करके सुखाकर पैदावार लेना हमारा निजी स्वार्थ तो पूरा हो सकता है, लेकिन जो भी इंसान उपरोक्त मूंग खाएगा,उसका स्वास्थ्य बिगड़ना संभव है। उपरोक्त कीटनाशक दवाई पकने वाली फसल के पौधों पर छिड़काव के बाद दानों पर कई महीनों तक अपना प्रभाव नहीं छोड़ती, इसलिए हमें अप्राकृतिक फसल की बजाय प्राकृतिक तरीके से फसल का उत्पादन करना चाहिए। मूंग की फसल पर दवा का इस्तेमाल करके अगर पौधों को मारा जाता है तो यह हरित क्रांति का एक दुष्परिणाम है। आधुनिक खेती ने मित्र कीटों को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। लालच की खेती ने मानव स्वास्थ्य को एक बड़े खतरे में धकेलने के संकेत है। खेती को अपने प्राकृतिक तरीके से पकाने देना चाहिए। मूंग पर जहरीला पदार्थ छिड़काव करके फसल लेने के बारे में हमें अभी तक कोई सूचना नहीं मिली। अगर ऐसा हो रहा है तो गलत है, जो गंभीर विषय है इस पर किसानों को जागरूक किया जाएगा

*-राजेश कुमार, उपनिदेशक कृषि विभाग फतेहाबाद*

### सीएम से मिला अरोड़वंश महासभा का प्रतिनिधिमंडल

**रतिया।** समाज की अनेक मांगों को लेकर श्री अरोडवंश महासभा का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अशोक ग्रोवर के नेतृत्व में सीएम से मिलने मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ पहुंचा। इस दौरान रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा भी मौजूद रहे। श्री अरोड़वंश महासभा द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी व विधायक लक्ष्मण नापा को पगड़ी पहनकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष अशोक ग्रोवर ने समाज की अनेक मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सचिव सतपाल सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजपाल ग्रोवर, उपाध्यक्ष रामदास मोंगा, हरजीत अरोड़ा, राजकुमार अरोड़ा, कोषाध्यक्ष प्रेम सेठी, प्रचार सचिव रणजीत ग्रोवर बिट्टू, प्रकाश मोंगा, नत्था राम मोंगा, आदि शामिल रहे।



हाथी 3 मील दूर से भी पानी की गंद को सूंघने की क्षमता रखता है।



चमगादड़ एक ऐसा स्तनधारी है जो की उड़ भी सकता है।

# अच्छा वेतन और सम्मान पाना है तो बनें विज्ञान के अध्यापक



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

राज्य सरकार और केंद्र सरकार समय-समय पर साइंस टीचर के भर्ती की घोषणा की जाती है। राज्य और केंद्र स्तर पर संचालित स्कूलों के लिए हर वर्ष साइंस टीचर की भर्ती का आयोजन होता है। आप उस भर्ती के लिए आवेदन करके साइंस टीचर बन सकते हैं। एक सरकारी साइंस टीचर बनने के बाद आप एक बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। क्योंकि यहां पर अच्छा वेतन और काफी सम्मान मिलता है जबकि प्राइवेट संस्थान ज्वाइन करके भी आप अच्छा वेतन और सम्मान पा सकते हैं। इसके अलावा आप चाहे तो अपना खुद का कोचिंग सेंटर खोल सकते हैं या दूसरे कोचिंग सेंटर में नौकरी की तरह काम भी कर सकते हैं।

## विज्ञान के विषय को पढ़ाना होता

विज्ञान पढ़ाने वाला अध्यापक साइंस टीचर होता है। इस अध्यापक का काम विज्ञान विषय को छात्रों को पढ़ाना होता है। पाठ्यक्रम में निर्धारित किया गया विज्ञान का ज्ञान छात्रों को देना होता है। विज्ञान के तहत आने वाले आविष्कार और प्रयोगों के बारे में बताता है प्रयोग सिद्ध करके बताता है और विज्ञान की जर्नी तथा विज्ञान में आगे बढ़ने के रंग रूप समझाता है। साइंस टीचर आपको छोटे स्कूलों से लेकर बड़े-बड़े कॉलेज स्कूल और शिक्षण संस्थान में देखने को मिल जाते हैं। अगर आपका विज्ञान विषय में रुचि है तो आप साइंस टीचर बन सकते हैं। विज्ञान का विषय बहुत ही स्कोप वाला विषय है अगर आप विज्ञान के क्षेत्र में टीचर बनते हैं तो आपको देश और दुनिया भर के अनेक सारे स्कूल कॉलेज और शिक्षण संस्थान में नौकरियां मिल जाती है। आप अपना खुद का अलग से एक विज्ञान स्कूल भी खोल सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी विज्ञान के प्रति रुचि होनी चाहिए और विज्ञान को बारीकी से समझने की भी जरूरत होती है। आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विज्ञान में पढ़ाई कर सकते हैं। 12वीं कक्षा में आप विज्ञान विषय का चयन करके आगे की पढ़ाई भी विज्ञान में करें। ग्रेजुएशन करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान से अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हो जाते हैं।

## ऐसे बनें अध्यापक

साइंस टीचर बनने के लिए साइंस स्ट्रीम में अच्छी तरह से अध्ययन करने की आवश्यक है। साइंस विषय में अच्छी दक्षता प्राप्त करने के साथ-साथ टीचर ट्रेनिंग कोर्स तथा साइंस में डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त करके साइंस टीचर बन सकते हैं। अगर आप शुरुआत से ही साइंस के प्रति सजग हो जाते हैं तो इस विषय में आगे बढ़ना आपके लिए काफी आसान हो जाता है इसीलिए आपको कक्षा 10 के बाद विज्ञान संकाय का चुनाव करना चाहिए 11वीं कक्षा में प्रवेश लेते समय आपको विज्ञान संकाय के विषय का चुनाव करके उसमें अध्ययन करना चाहिए। इसमें भौतिक विज्ञान , रसायन विज्ञान , गणित , जीवविज्ञान आदि विषय शामिल है।

### 12वीं के बाद अच्छी तैयारी करें

अगर आप और 12वीं क्लास पास करने के बाद साइंस टीचर बनना चाहते हैं। तो इसके लिए आपको बीएससी विज्ञान विषय के साथ करना होगा बीएससी में विज्ञान वर्ग से कोई भी 3 विषय का चयन कर सकते हैं जिसमें वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान शामिल है। इसमें से आप किसी भी एक विषय का चयन करके बीएससी कंप्लीट कर सकते हैं। अगर आप विज्ञान के इन विषय में अच्छा अध्ययन करेंगे तो बीएससी करने के बाद शिक्षण प्रशिक्षण डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आपके लिए काफी आसान हो जाएगा क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षण प्रशिक्षण की डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत की अनिवार्यता लागू की गई है।

## करना होगा ट्रेनिंग कोर्स

साइंस में बीएससी पूरा करने के बाद साइंस टीचर बनने के लिए टीचर ट्रेनिंग कोर्स करना होगा। यह टीचर ट्रेनिंग कोर्स स्नातक स्तरीय होना चाहिए जैसे बीएड यानी कि बैचलर ऑफ एजुकेशन कोर्स को करने के लिए 2 वर्ष की समय अवधि निर्धारित की गई है यह कोर्स किसी भी राज्य सरकार या भारत सरकार से संबंधित विश्वविद्यालय एवं एनसीटीई से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। बीएससी और बीएड या उसके समकक्ष कोई अन्य अध्यापक प्रशिक्षण डिग्री पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद आप साइंस टीचर बनने के योग्य हो जाते हैं।

### उत्तीर्ण करनी होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा

अब भी आपको सरकारी विद्यालय में साइंस टीचर बनाने के लिए आवेदन करने हेतु एक और चरण से गुजरना होगा और वह चरण हैं अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना। देश के विभिन्न राज्यों द्वारा अध्यापक पात्रता परीक्षा का समय-समय पर आयोजन करवाया जाता है संबंधित भर्तियों के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा के तहत आवेदन करके आपको उस परीक्षा को पास करना होगा।

### कितने तरह के होते साइंस टीचर

**प्राथमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान अध्यापक:** कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को तृतीय श्रेणी अध्यापक यानी थर्ड ग्रेड टीचर कहा जाता है। थर्ड ग्रेड साइंस टीचर बनने के लिए विज्ञान विषय के साथ बीएसएससी एवं बीएड तथा अध्यापक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी।

**माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान टीचर** : कक्षा 9 से लेकर कक्षा 10 को माध्यमिक विद्यालय कहते हैं इस श्रेणी को द्वितीय श्रेणी ग्रेड टीचर या फिर वरिष्ठ अध्यापक भी कहते हैं। इस श्रेणी के अंतर्गत विज्ञान विषय के अध्यापक बनने के लिए आपको विज्ञान विषय में ग्रेजुएशन एवं बीएड करना होगा। इसके अलावा अध्यापक पात्रता परीक्षा पास करने के बाद आप एक ट्रेंड ग्रेजुएट टीचरी बन जाएंगे जोकि सेकंड ग्रेड अध्यापक ही होता है।

**उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान टीचर** : जिस स्कूल में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है इसे प्रथम श्रेणी का अध्यापक या फर्स्ट ग्रेड टीचर कहा जाता है।

---

## अभियान विशेषज्ञ की पूरी दुनिया में भारी डिमांड

# एक्सपीडिशन एक्सपर्ट बनकर करियर को दे सकते हैं नई दिशा

ऑफलाइन मोड में स्किल्स और प्रशिक्षण जरूरी

जॉब ट्रेंड्स

डॉ. मोहित बंसल, करियर कोच



आज की तेजी से बदल रही दुनिया में युवाओं के लिए करियर के कई विकल्प मौजूद हैं। युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरह ही न भागें, बल्की अपनी क्षमता और कौशल को निखारकर दूसरे क्षेत्रों में भी किस्मत आजमा सकते हैं। यहां उन्हें अच्छा पैसा, इज्जत और नाम कमाने का बेहतरीन मौका मिल सकता है। बस जरूरी है थोड़ी मेहनत और लगन की। इसके बाद आपको पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है। इसलिए विद्यार्थियों को नौकरी के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। युवाओं के सामने उच्च वेतन एवं कम प्रतिस्पर्धी करियर विकल्प है एक्सपीडिशन एक्सपर्ट यानी अभियान विशेषज्ञ। इस इस क्षेत्र में भी आप अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। आज के समय में एक्सपीडिशन एक्सपर्ट न केवल भारत अपितु समूचे संसार में अच्छे अवसरों के साथ अच्छे वेतन पर अच्छा जीवन बीता रहे हैं। इसलिए आप भी एक्सपीडिशन एक्सपर्ट बनकर अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं।

### क्या है एक्सपीडिशन एक्सपर्ट

एक्सपीडिशन एक्सपर्ट (अभियान विशेषज्ञ) का अर्थ एक ऐसे व्यक्ति से है जो एडवेंचर यात्राओं और अभियानों की योजना बनाने, उन्हें संचालित करने और सफलतापूर्वक पूरा करने की विशेषज्ञता रखता है। ऐसे व्यक्ति के पास साहसिक गतिविधियों जैसे पर्वतारोहण, ट्रेकिंग, जंगल सफारी, और



अन्य चुनौतीपूर्ण अभियानों का पूरा ज्ञान और अनुभव होता है। वह सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीम का नेतृत्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि यात्रा का हर पहलू सुचारू और सुरक्षित पूरा हो। अभियान विशेषज्ञ के रूप में करियर रोमांचक और विविधतापूर्ण भरा है। इस क्षेत्र में व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के असीम अवसर मौजूद हैं। साहसिक गतिविधियों का जुनून और नए कौशल सीखने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए यह क्षेत्र सफलता की कुंजी है।

### अच्छे अवसरों के साथ मिलता अच्छा वेतन

- सर्टिफिकेशन कोर्स 5,000 से 30,000 रुपये में कर सकते
- कोर्स करने के लिए 5 से 15 दिनों तक का समय देना जरूरी
- कुछ कोर्सेज के लिए ऑनलाइन भी कर सकते हैं अप्लाई



### एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के लिए क्या जरूरी

**शिक्षा :** एक्सपीडिशन एक्सपर्ट बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता महत्वपूर्ण है। इसके लिए भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, वन्यजीव विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में ग्रेजुएशन की डिग्री जरूरी है। इसके साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े भूगोल, जलवायु और चुनौतियों को भी समझना जरूरी है।

**प्रशिक्षण :** शिक्षा के साथ-साथ स्कूबा डाइविंग, बंजी जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, वन्यजीव सफारी, रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, ट्रेकिंग का प्रशिक्षण लें और अन्य साहसिक खेलों पर रिसर्च जरूर करें। इसके बाद ही इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आगे बढ़ें।

**यहां से ले प्रशिक्षण :** आप नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम), हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एचएमआई), कार्डिओ पल्मोनरी रिसकिटशन (सीपीआर) इंटरनेशनल राफ्टिंग फेडरेशन (आईआरएफ), इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ), प्रोफेशनल एसोसिएशन ऑफ़ डाइविंग इंस्ट्रक्टर्स (पीएडीआई) जैसे संस्थानों से कोर्स कर सकते हैं। यहां से सर्टिफिकेट एवं प्रोफ़ेसनली काम के लिए लाइसेंस भी ले सकते हैं। क्योंकि कुछ गतिविधियों के लिए विशेष लाइसेंस की जरूरत होती है।

### फीस एवं समय

**फीस एवं समय :** सर्टिफिकेशन कोर्स करने के लिए आपको 5,000 से 30,000 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। इन कोर्सेज के लिए 5 से 15 दिनों तक का समय लगता है। इनमें से कुछ कोर्सेज के पाठ्यक्रमों के लिए आप ऑनलाइन मोड में भी पढ़ाई कर सकते हैं। हालांकि जरुरी स्किल्स और प्रशिक्षण आपको ऑफलाइन मोड में ही सीखने होंगे।

**अनुभव :** जितना संभव हो उतना व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें और स्वयं को कार्डिओ, शक्ति प्रशिक्षण, एवं धीरज अभ्यास के जरिये फिट रखें। विभिन्न एक्सपीडिशन अभियानों में शामिल हों और नए नए कौशल सीखें।

**स्वयंसेवा :** विभिन्न पर्यावरणीय और साहसिक गतिविधियों में एक वालंटियर की तरह स्वयंसेवा करें। इससे आपको अनुभव के साथ-साथ नेटवर्क बनाने में मदद मिलेगी और आसानी से अपने करियर को चमका सकेंगे।



### रोजगार के अवसर

एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के करियर की संभावनाएं भारत में और वैश्विक स्तर पर बहुत व्यापक हैं। इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर मौजूद हैं। एक एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के लिए पर्यटन और साहसिक कंपनियां, शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थान, सरकारी और गैर-सरकारी संगठन, फिल्म और मीडिया औद्योगिक क्षेत्रों में करियर के लिए विशेष अवसर है। आप स्वतंत्र एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के रूप में भी काम कर सकते हैं।

#### जॉब प्रोफाइल ऑप्शंस

एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के लिए विभिन्न कंपनियों में कई प्रकार की जॉब प्रोफाइल होती हैं। ये प्रोफाइल एडवेंचर यात्रा, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण, और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में हो सकती हैं। एडवेंचर टूर गाइड, एक्सपीडिशन प्लानर एंड कोऑर्डिनेटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर, सेफ्टी एंड रेस्क्यू स्पेशलिस्ट, एनवायर्नमेंटल कन्सेर्वेटिव अफसर, फ्रीलांसर एक्सपीडिशन एक्सपर्ट जैसे बहुत सारे जॉब प्रोफाइल पर आप काम कर सकते हैं। इनमें आपको अच्छा वेतन भी मिलता है।

#### टॉप रेक्रुइट्रस संस्थान

एक्सपीडिशन उद्योग में टॉप रेक्रुइट्रस की श्रेणी में विभिन्न प्रकार की कंपनिया और संगठन आते हैं, जो एडवेंचर पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण,और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इस सूची में भारत और वैश्विक स्तर पर इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ), इंडिया हाइक, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई), एडवेंचर नेशन, ग्लोबल हिमालयन एक्सपीडिशन (जीएचई), ट्रेक द हिमालयस, नेशनल ज्योग्राफिक, वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ), आउटवर्ड बाउंड, रेड बुल, पेटागोनिया, एडवेंचर इंटरनेशनल, गूगल अर्थ जैसी कंपनिया आती हैं। ये आपको अच्छे जॉब ऑफर कर सकती हैं।

#### अपडेट रहें

खुद को इस फील्ड में अपडेटेड रखने के लिए नए उपकरण, तकनीक, और पर्यावरणीय परिवर्तनों के बारे में अद्यतित रहें। इसके साथ साथ नियमित रूप से नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के लिए कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। किताबें पढ़ें और अपने करियर को नई दिशा दें।

### संचार कौशल

एक अच्छे एक्सपीडिशन एक्सपर्ट को अपने विचार और अनुभव को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने में सक्षम होना चाहिए। ताकि सामने वाले की बात आसानी से समझ सकें और अपनी उसे समझा सकें।

**मानचित्रण और नेविगेशन :** जीपीएस, नक्शे और कम्पास का उपयोग करने में माहिर बनें। इसके साथ सर्वाइवल टेक्निक्स एवं जंगल बचाव का प्रैक्टिकल एक्सपोज़र भी लें।

**प्राथमिक चिकित्सा :** आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए प्रशिक्षित हों। ताकि समय पड़ने पर परेशानी महसूस न हो और जिस अभियान पर निकल रहें हैं, आपके साथ जो भी जा रहें हैं उन्हें आपात स्थिति में बचाने में सक्षम हो सकें।

**नेटवर्किंग :** शुरुआत में काम पाने के लिए कुछ विशेष संगठनों से नेटवर्किंग की भी जरुरत पड़ेगी। इसके लिए सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करके भारतीय एक्सपेंडिशन क्लबों और संघों से जुड़ें।

---

# उद्देश्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ने से जरूर मिलती है सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

छात्र जीवन की यात्रा में हमेशा सफलता होना आसान नहीं होता है। कभी-कभी छात्रों को उनके द्वारा चुने गए लक्ष्यों तक पहुंचने में समस्याएं आ सकती हैं। इस दौरान छात्रों को अपने मन के कष्टों का सामना करना पड़ सकता है और यह उनके उद्देश्यों को हासिल करने में रुकावट बन सकता है। लेकिन इस स्थिति से घबराने की जरूरत नहीं है। यदि आपको लगता है कि सब कुछ चल रहा है लेकिन फिर भी आपको सफलता नहीं मिल रही है, तो आपको निराश नहीं होना चाहिए। आपको अपने उद्देश्यों की ओर आगे बढ़ने की दृढ़ता और हौसला रखने की जरूरत है। पहले से ही जिंदगी इतनी आसान नहीं है। हर कोई अपनी मनचाही सफलता तक पहुंचने के लिए संघर्ष करता है।

### असफल होने पर पहले से ज्यादा मेहनत करें

यदि आपको लगता है कि आपकी मेहनत नहीं चल रही है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपकी निष्क्रियता या कमजोरी है। बल्कि इसका मतलब है कि आपको और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। अपने अंदर कोशिश करें, और निरंतर प्रयास करें। अपने दोषों को स्वीकार करें और अपनी गलतियों से सीखें। हमेशा याद रखें कि हम अक्सर अपने स्वयं के दुश्मन हो सकते हैं। इसलिए, आपको अपने खुद को परिवर्तित करने के लिए तैयार रहना होगा। जीवन में सफलता के लिए खुद को जानना और अपने प्रति विश्वास रखना बहुत महत्वपूर्ण है। जब तक आप खुद को जानते नहीं होंगे, तब तक आप अपने सपनों को हासिल करने में सक्षम नहीं हो सकते। अपने लक्ष्यों को ताक पर रखें और निरंतर उनके ओर बढ़ें। आपको अपने आप में इस संघर्ष के लिए जोश और संतुष्टि रखनी चाहिए। सफलता का सफर कभी भी आसान नहीं हो सकता है। उसमें अनेक प्रकार के परेशानियां आ सकती हैं। लेकिन आपको इस बात का हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि आपकी कोशिशों का परिणाम हमेशा सकारात्मक होगा। इसलिए, धैर्य और सहनशीलता का समय है। आप अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए हमेशा निराश न हों, बल्कि उससे ज्यादा मेहनत करें। अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने इच्छाशक्ति का उपयोग करें और जगहीं और रिक्तियों को भरने के लिए इसका लाभ उठाएं। "जीवन एक संघर्ष भरा सफर है, जो कि आपको अपने मार्ग पर चलने से हटाना नहीं चाहता है। इसलिए, आपको अपने लक्ष्यों को त्यागने की बजाय उनके ओर बढ़ना और खुद को परिवर्तित करने के लिए तैयार रहना होगा। सफलता एक प्रक्रिया है और आपको धैर्य से सफल होने का इंतजार करना होगा। जब तक आप इस संघर्ष में जीतने के लिए सक्षम होंगे, तब तक आपको अपने उद्देश्यों को हासिल करने में कोई भी अडचन नहीं । आधुनिक समय में डिजिटल विश्व ने सभी क्षेत्रों में बदलाव लाया है। इंटरनेट की आधिकारिक शुरुआत से अब तक, हमारे सामने एक नया सवाल उठा है – क्या हम अपनी साइबर सुरक्षा की पर्याप्त सूचना हैं? भारत एक वास्तविक आकर्षण है जो कंप्यूटिंग का उच्च अनुप्रयोग कर रहा है। आधुनिक भारत में कम्प्यूटर और इंटरनेट का तेजी से विकास हो रहा है जो साइबर सुरक्षा को रोचक बनाता है। छात्र जीवन में शॉर्टकट हर समस्या का समाधान नहीं है।

### शॉर्टकट लेना सही नहीं

मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। आसान पैसा और कम मेहनत से सफलता पाने की इच्छा अक्सर हमारे भीतर आलस्य और असंतोष को जन्म देती है। जब हम बिना मेहनत के किसी भी कार्य को पूरा करने का प्रयास करते हैं, तो हम उस कार्य की गहराई को समझने में असमर्थ रहते हैं। इससे हमारा आत्म-सम्मान और आत्म-विश्वास दोनों प्रभावित होते हैं। छात्र जीवन में शॉर्टकट लेने का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह होता है कि हम सच्चे ज्ञान और कौशल से वंचित रह जाते हैं, जो हमारे भविष्य की नींव होते हैं। इसके विपरीत, अगर हम हर कार्य में पूरी मेहनत और समर्पण के साथ लगते हैं, तो न केवल हमें गहन ज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि हमारे आत्म-विश्वास में भी वृद्धि होती है। हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में स्थायी सफलता का रास्ता कठिन परिश्रम और सतत प्रयासों से ही होकर गुजरता है। अक्सर, विद्यार्थी आसान रास्तों की तलाश में रहते हैं ताकि वे जल्द से जल्द सफलता प्राप्त कर सकें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि शॉर्टकट से प्राप्त की गई सफलता बहुत ही अल्पकालिक होती है। जल्दी पैसे कमाने की होड़ में, वे अपनी वास्तविक क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का अवसर गंवा देते हैं। यह स्थिति आगे चलकर गहरी निराशा और असफलता की ओर ले जाती है। शॉर्टकट लेने का परिणाम केवल व्यक्तिगत विकास को बाधित करना ही नहीं है, बल्कि यह हमारी मानसिकता को भी कमजोर बनाता है। जब हम शॉर्टकट के आदी हो जाते हैं, तो हम हर कार्य में वही तरीका अपनाने की कोशिश करते हैं, जिससे हमारी समस्या सुलझाने की क्षमता और दृढ़ता में कमी आ जाती है। इसलिए, हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में सच्ची सफलता का मार्ग केवल और केवल कठिन परिश्रम, धैर्य और निरंतर प्रयासों से होकर गुजरता है। विद्यार्थी जीवन में शॉर्टकट से बचना चाहिए और हर कार्य को पूरी ईमानदारी और मेहनत से करने का संकल्प लेना चाहिए।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जंतुओं में होने वाली 'फूट एंड माउथ' रोग किसके कारण उत्पन्न होता है ?
(ए) जीवाणु
(बी) कवक
(सी) प्रोटोजोआ
(डी) विषाणु

**2.** आलू में मोजेक रोग का कारक तत्व है -
(ए) विषाणु
(बी) जीवाणु
(सी) फफूंदी
(डी) शैवाल

**3.** वनस्पति विज्ञान की वह शाखा जिसमे जिसमे शैवालों का अध्ययन किया जाता है, कहलाता है -
(ए) वर्गिकी
(बी) माईकोलॉजी
(सी) सूक्ष्मजैविकी
(डी) फाईकोलॉजी

**4.** शैवालों की कोशिका भित्ति किसकी बनी होती है ?
(ए) काईटिन
(बी) सुवेरिन
(सी) सेल्यूलोज
(डी) क्यूटिन

**5.** हाईड्रा की स्त्रावी कोशिकाओं में कौन-सा सहजीवी शैवाल मिलता है ?
(ए) युक्लोरैला
(बी) नोस्टोक
(सी) युलोथ्रिक्स
(डी) स्पाईरोगाईरा

**6.** सरगासो समुद्र का नाम पड़ा -
(ए) कवकों के कारण
(बी) आवृतबिजीयों के कारण
(सी) शैवालों के कारण
(डी) ब्रायोफाईटा के कारण

**7.** गलगंड रोग से बचा जा सकता है और कुछ समुद्री खरपतवार खाने से इसका इलाज होता है, क्यूंकि इसमें प्रचूर माता में होता है -
(ए) सल्फर
(बी) आयोडीन
(सी) कैलिशियम
(डी) फास्फोरस

**8.** किस शैवाल से आयोडीन प्राप्त होती है ?
(ए) एक्टोकार्पस
(बी) लैमिनेरिया
(सी) ओडोगोनियम
(डी) युलोथ्रिक्स

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी काबू, 45 हजार की नकदी बरामद

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने चोरी के एक पुराने मामले की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी गुरसेवक सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी गुढा थाना नंदगढ जिला बठिंडा को किया है तथा आरोपी के कब्जे से 45000 रुपए बरामद किए गए है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि 5 मार्च को राज सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी मास्टर कॉलोनी ालांवाली की शिकायत पर उसके घर से नकदी व सोने के आभूषण चोरी हो जाने पर मामला दर्ज किया गया था।

### थैलेसीमिया ग्रसित के लिए रक्तदान शिविर कल

**सिरसा।** थैलेसीमिया सोसायटी तथा इंडियन डैंटल एसोसिएशन सिरसा शाखा की ओर से थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के लिए 7 जुलाई को शिव शक्ति ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अरोड़ा ने बताया कि शिव शक्ति ब्लड बैंक के संस्थापक डा. वेद बैनीवाल बतौर मु यातिथि पहुंचकर इस शिविर का शुभारंभ करेंगे। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। उन्होंने रक्तदानी समाजसेवकां, थैलेसीमिया सोसायटी तथा इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सदस्यों से आह्वान किया कि वे रक्तदान रूपी इस महायज्ञ में अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर अपनी रक्त रूपी आहूति अवश्य डालें।

### गुजवि में यूएमसी कमेटी की बैठक 9 को

**हिसार।** गुजवि में यूएमसी कमेटी की बैठक 9 जुलाई को सुबह 10 से विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2024 में आयोजित सम्बद्ध डिग्री कॉलेजिज, लॉ कॉलेजिज तथा यूटीडी की परीक्षाओं के फाइनल सेमेस्टर के विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए यूएमसी कमेटी की बैठक 09 जुलाई को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी।

### जिला परिवाद समिति की बैठक कल

**हिसार।** जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक 7 जुलाई को प्रातः11 बजे लघु सचिवालय में आयोजित की जाएगी। डीसी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारी लाल करेंगे।

### मॉडल संस्कृति स्कूल डबवाली में जागरुकता सेमिनार

# महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति किया जागरूक

जैसे ही महसूस हो कि गलत होने वाला है तो तुरंत अपना विरोध दर्ज करवाएं : मेवा रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली


**सिरसा।** डबवाली के स्कूल में छात्राओं को जागरूक करते हुए महिला थाना प्रभारी।

महिलाओं की सुरक्षा हेतु डबवाली पुलिस स्कूल, कॉलेज एवं चौक चौराहों पर सेमिनार आयोजित कर महिलाओं को जागरुक कर रही है। इसी कडीं मे महिला थाना डबवाली प्रभारी मेवा रानी ने पुलिस टीम के साथ माडल संस्कृति स्कूल डबवाली में जागरूकता सेमिनार आयोजित छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति व साइबर अरपाध के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें। जैसे ही महसूस हो कि गलत होने वाला है, विरोध दर्ज कराएं। पुलिस को सूचना दें। गलत करने वालों का शुरू में प्रतिकार करें। इससे उसका मनोबल नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को लेकर पुलिस बहुत ही संवेदनशील है। कानून में इन अपराधों को लेकर कठोर नियम व सजा का प्रावधान है, इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए इनसे बचें व अन्य लोगों को भी इस प्रकार के अपराधों से बचाएं।

पुलिस सदैव सुरक्षा के लिए तत्पर है, इसलिए किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना पुलिस को बिना किसी देरी व बिना किसी झिझक के अवश्य दें। समाज सुरक्षा में पुलिस का योगदान दें। अपराधों को लेकर सदैव सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के लोभ व लालच में न आएं। कार्यक्रम में बसों के चालकों व परिचालकों सहित अन्य लोगों द्वारा किए जाने वाले अपराधों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी।

#### संचार साथी पोर्टल की दी जानकारी

इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम संबंधित संचार साथी पोर्टल तथा टेफको पोर्टल के बारे में भी बताया जिसमें अपना फोन नंबर एंटर करके यह पता लगाया जा सकता है कि एक आदमी के नाम से कितने सिम जारी हुई अगर कोई सिम आपने जारी नहीं करवाई है तो आप उसको उक्त पोर्टल पर रिपोर्ट करके बंद करवा सकते हैं। प्रभारी मेवा रानी ने छात्राओं को बैड टच, गुड टच व सेल्फ डिफेंस के बारे में भी जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को 100 (पुलिस कंट्रोल रूम) व 1091 (महिला हेल्पलाइन) एवं 112 सहित अन्य माध्यमों से जरूर दें। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ एवं सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

# आप सरकार बनने पर मिलेगी फ्री बिजली

- आम आदमी पार्टी ने चलाया जनसंवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। शहर में जनसंवाद कार्यक्रम चलाते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू किए गए जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आप नेताओं की टीम ने आज शहर के विभिन्न वाडार्ं का दौरा किया। आप नेताओं ने वार्ड नं. 18 व 24 में ग्रीन पार्क, हंस कालोनी, अनाज मण्डी एरिया में डोर टू डोर जाकर लोगों से बातचीत की और उन्हें आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दिल्ली और पंजाब में करवाए जा रहे कायार्ं से अवगत करवाया और आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के ब्लाक फतेहाबाद के अध्यक्ष ललित गोयल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुशीला सर्राफ, जिला महिला सचिव लक्ष्मी दूहन, ओबीसी सैल के जिला अध्यक्ष सत्यवान जांगड़ा, वार्ड अध्यक्ष संगीत जैन, जसवंत जग्गा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आप नेता सुशीला सर्राफ व ललित गोयल ने बताया कि आम आदमी पार्टी गरीब, कमेरे, मजदूर वर्ग की पार्टी है। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा जनता से जो भी वायदे किए गए, उन सभी वायदों को पार्टी ने पूरा करके दिखाया है।

# विद्युत सप्लाई बंद होने से उपभोक्ता रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग

विद्युत कार्य के दौरान 5 घंटे सप्लाई बंद होने पर उपभोक्ताओं को उमस भरे मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ा। डिंग रोड से डिंग मंडी की 33 केवी लाइन का कार्य चल रहा था जिसके कारण विद्युत सप्लाई ठप रही। विद्युत कर्मी वेद प्रकाश ने बताया कि 33 केवी लाइन खेतों में हादसे को देखते हुए कुछ पोल टेढे खड़े थे जिसको सीधे खड़े करने को लेकर दोपहर करीब 3 बजे डिंग 33 केवी लाइन को पूर्णतया बंद कर दिया गया था लेकिन जैसे ही पोल का कार्य पूरा होने पर विद्युत सप्लाई छोड़ी गई तो इसी दौरान विद्युत प्लांट में सीटी ब्लास्ट हो गया जिससे करीब 5 घंटे सप्लाई बंद करनी पड़ी। काफी देर मशकत के बाद दो ट्रांसफार्मर की सप्लाई को एक ट्रांसफार्मर में दुरुस्त कर रात करीब 9 बजे सभी लाइनों की विद्युत आपूर्ति छोड़ दी गई। इस समय मौसम में नमी चल रही है तथा मशीनें पुरानी होने के कारण ब्लास्ट हो गया। इस समय नई मशीन भी आई हुई है। कुछ मशीनों के पाट्‌र्स अभी आने बाकी है लेकिन जैसे ही मशीनें पूरी पहुंच जाती है तो पूरा पावर हाउस की दोबारा सिस्टम नया लागू कर चालू कर दिया जाएगा जिसको लेकर आगामी दिनों में ऐसी परेशानी नहीं होगी।

### लिव इन में रहने वाला युवक सिरसा से लापता

**सिरसा।** थाना शहर सिरसा पुलिस ने सतीश कुमार पुत्र आत्माराम निवासी फूलकां की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। सतीश कुमार ने बताया कि उसका अविवाहित भाई कपिल रचना मूल निवासी बंगाल के साथ पिछले 5-6 माह से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा है। कपिल ने कई बार उसे बताया कि रचना उसे बहुत तंग करती है, जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहता है। उसने बताया कि एक जुलाई से उसका भाई कपिल लापता है। उसका मोबाइल भी स्वीच आफ आ रहा है। उसने अपना मोटरसाइककिल मेडिसिन मार्केट में ही खड़ा कर दिया, जहां वह काम करता था। उसने बताया कि इस बारे में रचना से पूछा तो उसने इंकार किया।

# 120 नेत्र रोगियों की हुई जांच, निःशुल्क दी दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री श्याम बगीची धाम में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। श्री श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बगीची परिसर में सुबह 10.30 से आरंभ हुए यह शिविर दोपहर 2.30 बजे चला जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सिंह ने करीब 120 नेत्र रोगियों की जांच की। इस दौरान डॉ. विक्रम सिंह ने नेत्र रोगियों से कहा कि यूं तो मानवीय शरीर में प्रत्येक अंग की अपनी भूमिका है मगर नेत्र सर्वाधिक संवेदनशील अंग हैं जिनके बगैर मानव जीवन में अंधेरा हो जाता है, इसलिए इनकी देखभाल विशिष्ट तौर पर की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेत्रों की सजलता के लिए हरी सब्जियों व फलों का आहार उत्तम है और समय समय पर नेत्र विशेषज्ञों से जांच अवश्य करवानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पात्र रोगियों को निशुल्क दवाएं दी व उचित परामर्श भी दिया। डॉ. विक्रम के अलावा डॉ. हरीश बेनीवाल व उनके सहयोगी कुलजीत कसवां ने भी नेत्र रोग जांच में अपना भरपूर सहयोग दिया। शिविर के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम ने घोषणा की कि जो नेत्र रोगी श्री श्याम बगीची की ओर से उनके पास उपचार के लिए आएगा, वे निशुल्क ही उनका उपचार करेंगे।

# पुलिस ने 30 वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली


**सिरसा।** वाहनों की तलाशी लेते पुलिस कर्मचारी।

डबवाली जोन में पड़ने वाले सभी क्षेत्रों में शुक्रवार को पुलिस ने सीलिंग प्लान अभियान चलाया। इस अभियान के तहत डबवाली, कालांवाली, ओढां थाना पुलिस की टीमें पूरी तरह चौकस व सतर्क नजर आई तथा चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। सिलिंग प्लान का उद्देश्य जनता में पुलिस के प्रति सुरक्षा की भावना व और अधिक विश्वास पैदा करना तथा अपराध व अपराधियों व गैर कानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाना है, ताकि भविष्य में अपराधों की पुनरावृति न होने पाए। इस अभियान के तहत जिला पुलिस ने चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर विशेष रूप से नाकाबंदी,चैकिंग तथा भीड़-भाड वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर अपराधियों के नापाक इरादों पर पानी फेरना है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन में पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराना है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें।

# छात्र संगठनों ने सीएम सैनी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- भर्ती घोटाले, रिजल्ट से छेड़छाड़ मामलों की जल्द जांच की जाए

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के छात्र संगठन शहीद-ए-आजम स्टूडेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने छात्र नेता प्रवीन अत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता अजय चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय वाइस चांसलर द्वारा किये गये भर्ती घोटाले, रिजल्ट से छेड़छाड़ और दलित छात्र के साथ किए गए अपमानजनक बर्ताव की जांच चल रही है, उस जांच को पूरा किया जाए व उसे सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि वाइस चांसलर को विश्वविद्यालय से बर्खास्त किया जाए। वाइस चांसलर ने विश्वविद्यालय को पूरी तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। मनमर्जी के फैसले छात्रों व कर्मचारियों पर थोपे जा रहे हैं। सभी छात्र संगठनों की यही मांग और निवेदन है कि वाइस चांसलर के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही जांच को पूरा किया जाए व रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। जांच संबंधी पूरा रिकॉर्ड जांच कमेटी को सौंपा जा चुका है। दलित छात्र को अपशब्द कहने व छात्र के गिरेबां पर हाथ डालने के मामले में भी अभी तक वीसी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।



**सिरसा।** बैठक को संबोधित करते कश्मीरी लाल।

### स्वदेशी शोध से भारत बन सकता है समृद्धशालीः

**सिरसा।** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा कि स्वदेशी, स्वावलंबन एवं शोध को बढ़ाकर भारत को समृद्धशाली बनाया जा सकता है। स्वदेशी का भाव मूल रूप से स्थानीय उत्पादों का प्रयोग एवं प्रोत्साहन करना ही है। हर जिला स्तर पर स्वदेशी उत्पाद सूची तैयार कर उद्यमिता का सहयोग किया जाना तथा जिला स्तर पर विभिन्न माध्यमों से आंकड़े एवं विषय वस्तुओं का शोध एवं अनुसंधान करके हम भारत को वर्ष 2047 तक समृद्धिशाली बनाने में सहयोग कर सकते हैं। वे लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय परिषद बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सिरसा से इस बैठक में विभाग संयोजक दर्शन चावला व जिला पूर्णकालिक नितिन ने शिरकत की। परिषद ने भारत की जनसंख्या बोझ नहीं अपितु वरदान विषय पर जन अभियान चलाने का निश्चय किया।

# सामर्थ्य के अनुसार जरूर करें दान : सुभाष वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलनिया में डोनेशन ड्राइव

श्री श्याम मुरारी निःस्वार्थ सेवा संस्थान सिरसा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलनिया में डोनेशन ड्राइव तथा पौधारोपण का आयोजन किया गया। सचिव सतपाल जोत ने बताया कि इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण लाल बतौर मुख्यातिथि थे। विद्यालय के प्राचार्य सतीश मित्तल तथा कार्यक्रम संयोजक अनुपमा शर्मा के आतिथ्य में संस्थान संरक्षक सुभाष वर्मा ने दान का महत्व बताते हुए कहा कि हर छोटे बड़े को सामर्थ्य अनुसार जरूरतमंद की सहायता अवश्य करनी चाहिए। योगाचार्य सुरेश तायल ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया तथा वर्तमान परिवेश में स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामवासियों के आग्रह करने पर योगाचार्य सुरेश तायल ने शीघ्र ही एक योग शिविर गांव में लगाने के लिए आश्वस्त किया। संस्थान अध्यक्ष पवन रहेजा ने आह्वान किया कि सावन माह में हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा एक साल उसकी संपूर्ण देखभाल भी करनी चाहिए। स्कूल के बच्चों ने खुले दिल से जरूरतमंदों के लिए सहयोग दिया और 21 पौधे लगाकर उनको सेवा संभाल के लिए अंगीकृत किया। मेधावी छात्रों और उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए अध्यापकों को श्याम मुरारी निःस्वार्थ सेवा संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# कथाव्यास ने सुनाया गोपी-उद्धव संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** कथाव्यास स्वामी ललित किशोर व्यास कथा प्रवचन करते हुए।

हुडा सेक्टर 20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में गोपी उद्धव संवाद एवं रुक्मिणी मंगल की कथा के रोचक प्रसंग सुनाए। ट्रस्ट के 14वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कथाव्यास स्वामी ललित किशोर व्यास ने कहा कि गोपियों की कृष्णभक्ति से उद्धव इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने गोपियों की चरण रज की वंदना की तथा इच्छा प्रकट की कि मैं अगले जन्म में गोपियों की चरण रज से पवित्र वृंदावन की लता, औषधि, झाड़ी आदि बनूं। इस प्रकार कृष्ण के प्रति ब्रजवासियों के प्रेम की सराहना करते हुए तथा नंदादि, गोप तथा गोपियों से कृष्ण के लिए अनेक भेंट लेकर वे मथुरा लौट आए। वहीं रुक्मिणी मंगल प्रसंग के दौरान कथास्थल पर श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह की सभी रस्में भजनों के माध्यम से प्रस्तुत की गई, जिसका सभी भक्तों ने आनंद लिया। प्रवचनों में कथाव्यास ने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधर, श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण हैं, लेकिन रुक्मिणी का भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। अंततः श्रीकृष्ण ने रुक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया। कथा के अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

### सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक कालांवाली के कर्मचारियों ने की बैठक

# कर्मचारियों से वादाखिलाफी कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** सर्व कर्मचारी संघ की बैठक में पहुंचे कर्मचारी।

सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक कालांवाली के विभिन्न विभागों की बैठक जिला प्रधान मदनलाल खोथ, ब्लाक प्रधान मास्टर शमशेर की अध्यक्षता में हुई। प्रधान मदनलाल खोथ ने कहा कि सरकार बार-बार कर्मचारियों से वादे करके मुकर रही है। अभी भी सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रही और कर्मचारियों को गुमराह करने के लिए कौशल रोजगार निगम में लगे कर्मचारियों को 8 प्रतिशत बढ़ोतरी देकर खुद द्वारा बनाए गए नियमों की उल्लंघना कर रही है, जबकि सरकार ने खुद तय किया है कि हर वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कच्चे कर्मचारियों को रेगुलर करने की। सर्व कर्मचारी संघ सरकार से मांग करता है की सरकारी विभागों में खाली पड़े तमाम पदों को तुरंत प्रभाव से भरा जाए और कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, निजीकरण की नीति को रद्द करके सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत किया जाए और पुरानी पेंशन को बहाल करने व क्लकार्ं को पंजाब के समान वेतनमान देने पावर बिल 2023, नई शिक्षा नीति 2020, रोड से टी बिल और चारों लेबर कोड बिल को रद्द किया जाए।

#### वेतन वृद्धि को मजाक कहा

इस अवसर पर सुखदेव सिंह राज्य नेता फायर ने कहा कि कर्मचारी सरकार की जन विरोधी नीतियों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य नेता व जिला प्रधान मनोज अटवाल ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ कड़े शब्दों में कहा कि सरकार नगरपालिका के कर्मचारियों के वेतन में जो 100 रुपये की राशि बढ़ाकर भद्दा मजाक किया है, इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सिरसा के ब्लाक प्रधान मास्टर शमशेर ने कहा कि 16 जुलाई को सभी विभागों से कर्मचारी शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

### लव मैरिज की रंजिश में परिजनों पर हमला

**सिरसा।** जिला के गांव आनंदगढ़ में भाई के बेटे द्वारा लव मैरिज करने की रंजिश में कुछ युवकों ने परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। गांव आनंदगढ़ निवासी धर्मपाल ने बताया कि 2022 में उसके भाई के लड़के ने आरोपी विकास कुमार की बहन से लव मैरिज की थी। तभी से आरोपी उनके साथ रंजिश रखे हुए हैं। सुबह वह अपनी पत्नी अंजू बाला के साथ बाइक पर खेत में गया था जबकि उसका बेटा दीपक व साले का लड़का ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव सुब्बाखेड़ा में रोटावैटर लेने जा रहे थे। जब वे गांव सुब्बाखेड़ा के पास पहुंचे तो उनके ट्रैक्टर के आगे काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी आकर रूकी। गाड़ी में से अजय नाम का युवक आया और उसने लोहे की रॉड से उसके बेटे पर कई वार किए।

### दो युवक चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू

**चोपटा।** नाथूसरी चोपटा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान जमाल क्षेत्र से दो युवकों को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया है। नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी सत्यवान सिंह ने बताया कि बीती 23 जून 2024 को सुनील कुमार पुत्र दयाराम निवासी जमाल की शिकायत पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि थाना की जमाल पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव जमाल क्षेत्र में आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सामने से बाइक पर आ रहे दो युवकों ने पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त बाइक सवार दोनों युवकों को काबू कर बाइक के कागजात मांगे तो उक्त युवक कागजात पेश नही कर सके। पकड़े गए युवकों की पहचान सतीश कुमार निवासी नरवासी व विकास निवासी भट्टू कलां के रूप में हुई है।

**CRESCENT COLLEGE OF EDUCATION**
V.P.O – BhodiaKhera, Fatehabad (Haryana)
Affiliated to CDLU, Sirsa (Haryana)
**REQUIRES**
Asst. Professor – 3 (Education , English , Social.Studies) ,
Librarian-1, Office Assistant cum Computer Operator– 1,
Office cum Account Assistant – 1 , Store Keeper – 1 ,
Technical Assistant – 1
Eligibility & Salary as per norms of State Govt. / NCTE / CDLU Sirsa.
Apply within 21 days with Application and Testimonials to Chairman, Crescent College of Education, BhodiaKhera (Fatehabad)& One copy must be sent to Dean of Colleges, CDLU, Sirsa also.
Email :collegecrescent@ymail.com | Contact : 9467858920 Chairman

## खबर संक्षेप

### नागरिक अस्पताल की कैंटीन खस्ताहाल

**रतिया।** शहर के नागरिक अस्पताल में बनी कैंटीन की खस्ता हालत होने के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। इसको लेकर कैंटीन संचालक हितेश कुमार द्वारा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव व नागरिक अस्पताल के अधिकारियों को शिकायत भी दी गई लेकिन उसकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। कैंटीन संचालक हितेश कुमार ने बताया कि उसने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से नागरिक अस्पताल में कैंटीन किराए पर ली हुई है लेकिन इसकी हालत काफी खस्ता है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डॉ. अमित कुमार ने बताया कि आज ही समस्या उनके संज्ञान में आई है इसका समाधान करवाया जाएगा।

### जिले से दो बाइक चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव बनमंदौरी निवासी रामेश्वर दास ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर नहर वाले रोड पर स्थित ढाणी में जा रहा था। रास्ते में वह शौच के लिए रूका और मोटरसाइकिल को सड़क किनारे खड़ा कर खेत में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। दूसरे मामले में जाखल पुलिस ने रिन्कू निवासी चोटियां जिला संगरूर की बाइक चोरी हो गई।

### हादसे में जनस्वास्थ्य विभाग का कर्मी घायल

**फतेहाबाद।** गांव सिंथला के पास हुए सड़क हादसे में बाईक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक भूना के जनस्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी है। उसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव टिब्बी निवासी होशियार सिंह ने कहा है कि उसके चचेरा भाई पब्लिक हैल्थ भूना में काम करता है। गत दिवस पवन भूना में ड्यूटी करके मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस गांव आ रहा था। जैसे हीवह गांव सिंथला के पास पहुंचा तो कुलां की तरफ से आ रही एक गाड़ी के चालक ने गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गया।

### चोरों ने कबाड़ की दुकान के ताले तोड़े, केस

**रतिया।** चोरों ने रतिया में एक कबाड़ के दुकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे दुकानदार द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना रोड, रतिया निवासी प्रवीन ने कहा है कि उसकी प्रताप नगर में पूर्व विधायक जरनैल सिंह के घर के पास कबाड़ की दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान को ताला लगाकर घर चला गया था। चोर उसकी दुकान से एक एलईडी, कैमरे की डीवीआर, तांबा व पीतल चोरी कर ले गए हैं। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## कालुआना पेड़ कटाई मामले की पांच दिन में होगी जांच

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टालरेंस नीति : राज्य मंत्री

**बैठक में रखी 12 शिकायत, 7 का मोके पर निपटान किया, 5 शिकायत रखी लंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही है। भ्रष्टाचारी कोई भी हो उसको बख्शा नहीं जाएगा। जन परिवाद समिति की बैठक का भी उदेश्य यही है कि आमजन की समस्या का समाधान हो और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, एससी एवं बीसी कल्याण रा'य मंत्री बिसम्बर सिंह ने शुक्रवार को जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करने के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने बैठक में रखी 12 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए 7 का मौके पर ही निपटान कर दिया तथा 5 शिकायत को लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए।

**खेत से मिट्टी उठान से हुए नुकसान की करें भरपाई, 15 दिन में फसल बीमा राशि देने के निर्देश :** समिति की बैठक में अनुप सिंह निवासी बुढाभाणा ने शिकायत रखी कि विभाग की ओर से उनके खेत से मिट्टी उठाई गई थी लेकिन उनके खेत में हुए नुकसान के अनुरुप उसे मुआवजा राशि नहीं दी गई। इस पर राज्य मंत्री ने समिति के दो सदस्यों की कमेटी गठित कर मिट्टी उठान से खेत में हुए नुकसान का आंकलन करने बारे निर्देश दिए। समिति सदस्यों के साथ तहसीलदार को भी शामिल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव मोचीवाली निवासी रघुवीर सिंह ने फसल बीमा क्लेम ना मिलने बारे शिकायत रखी। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिन में किसान का फसल बीमा क्लेम की राशि दी जाए। इसके लिए बैंक व कृषि अधिकारी आपसी तालमेल कर समस्या का समाधान करें। बैठक में उपायुक्त आर.के सिंह, पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग, चेयरमैन आदित्य देवीलाल, चेयरमैन देव कुमार, जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग, गोबिंद कांडा, भूपेश महता, अमीरचंद महता, रत्नलाल बामणिया, श्याम बजाज, नक्षत्र सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।



**सिरसा।** कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते राज्यमंत्री बिशम्बर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

गांव कालुवाना के निवासियों की ओर से बैठक में वन भूमि में पेड़ कटाई मामले में कथित झूठे मुकदमें में फंसाने की शिकायत रखी। इस पर राज्य मंत्री ने कहा कि उनकी यह पहली बैठक है और मेरे संज्ञान में यह मामला आया है। कोई भी निदार्ेष व्यक्ति फंसेगा नहीं और दोषी बचेगा नहीं। राज्य मंत्री ने समिति के दो सदस्यों की कमेटी बनाते हुए पांच दिन में जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**जाखल।** रक्तदाता का हौंसला अफजाई करते क्लब के सदस्य व युवा समाजसेवी आदित्य बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

## जन्मदिन में रक्तदान शिविर लगाया व पौधरोपण किया

**जाखल।** शहर के युवा समाजसेवी ने स्वयं के जन्मदिन पर अनूठी पहल की है। जाखल के युवा समाजसेवी ने जहां अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगातार एक हफ्ते तक विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर हर दिन 51 पौधे लगाएं गए हैं, वहीं शुक्रवार को जन्मदिन पर उन्होंने रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। इसे लेकर आदित्य द्वारा अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने का कार्य है। आदित्य के जनहित कार्य को लेकर उनके सराहनीय निर्णय पर जाखल लायंस क्लब रॉयल द्वारा शहर में अनाज मंडी में रक्तदान शिविर आयोजन किया। इस कैंप में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आदित्य ने बताया कि आज के युग में युवा जन्मदिन पर बड़ी बड़ी पार्टियां करते है और फिजूलखर्ची करते है। ऐसे में उन्होंने अपने जन्मदिन पर एक नई पहल करने की सोच के साथ युवाओं को एक संदेश देने का प्रयास किया है। इस रक्तदान शिविर में मानव सेवा संगम चेरिटेबल ट्रस्ट ने अपनी सेवाएं देते हुए रक्त संग्रह किया हैं। इस अवसर पर मानव सेवा संगम चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान और लायंस क्लब जाखल रॉयल की टीम ने लायन आदित्य बंसल को जन्मदिन की बधाई दी और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

### शहर में दो स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पहले मामले में शहर के बाटा कॉलोनी निवासी तेजा सिंह ने बताया कि बीती 2 जुलाई की दोपहर को वह डबवाली रोड पर काम से गया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर वह किसी काम से चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली।

**जांच में जुटी पुलिस**

दूसरे मामले में प्रेमनगर निवासी सचिन तनेजा ने बताया कि बीती 2 जुलाई की शाम को वह डबवाली रोड पर गया था। शक्ति मोटर्स के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह काम से चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिलगायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अच्छा शिक्षक बनने में मदद करता है बीएबीएड कोर्स : डॉ. जनक रानी

- एमएम शिक्षण महाविद्यालय में बीएबीएड कोर्स में एडमिशन को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में बी.ए.बी.एड. कोर्स में एडमिशन को लेकर इस बारे विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। इसी के चलते इस कॉलेज में बीएबीएड की मात्र कुछ ही सीटें शेष बची हैं। इस बारे जानकारी देते हुए एमएम शिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने बताया कि एमएम कॉलेज ऑफ एजूकेशन में बीएबीएड के तीसरे बैच के एडमिशन शुरू हो चुके हैं। इस कोर्स के प्रति छात्रों का रुझान धीरे-धीरे बढ़ रहा है क्योंकि यह एक ऐसा कोर्स है जिसमें छात्रों को विषय विज्ञान और कौशल दोनों प्राप्त होते हैं। इसमें बैचलर आफ आर्ट्स और बैचलर आफ एजुकेशन की डिग्री शामिल होती है अर्थात विद्यार्थी 4 सालों में दो डिग्री प्राप्त कर सकते हैं और 4 सालों बाद सीधे पीएचडी भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में विद्यार्थियों को कला एवं शिक्षा के विषय में गहरा ज्ञान प्राप्त होता हैं और वे शिक्षा के मूल सिद्धांत को समझने में सक्षम हो जाते हैं। बीएबीएड के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षण विधियां और मूल्यों का अभ्यास होता है जो उनको एक अच्छे शिक्षक बनने में मदद करता है और बीएबीएड पूरा करने के बाद युवाओं को हायर एजुकेशन में प्रवेश के लिए सही तैयारी मिलती है। डॉ. जनक रानी ने कहा कि बीएबीएड एक महत्वपूर्ण कोर्स है जो युवाओं के फ्यूचर को एक नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज में बीएबीएड की कुछ सीटें बची है। ऐसे में इस कोर्स में एडमिशन के इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज में सम्पर्क कर सकते हैं।

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर भट्टू की शिव कालोनी व नायक मोहल्ले के लोग

- घरों के अंदर व बाहर खड़ा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

एक तरफ प्रदेश सरकार जनसंवाद कार्यक्रम लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करने के दावे कर रही है वहीं जिले के भट्टू गांव के लोग सरकार व प्रशासन की अनदेखी के चलते नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। भट्टू गांव की शिव कालोनी व नायक मोहल्ले में गलियों व घरों में गंदा पानी खड़ा है और क्षेत्र में बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। यहां के लोग जनसंवाद कार्यक्रम में अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रख चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई न होने से इन लोगों में काफी रोष है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहसचिव एवं भट्टू के प्रमुख समाजसेवी लक्ष्य गर्ग ने यहां के लोगों को आवाज को उठाते हुए शासन-प्रशासन से तुरंत इन लोगों की सुध लेकर समस्या के समाधान की मांग की है। शिव कालोनी व नायक मोहल्ले से लोगों ने बताया कि प्रशासन की अनदेखी के चलते इन दिनों उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले ही जोहड़ का पानी आने से क्षेत्र के लोग परेशान थे और अब हलकी सी बरसात के बाद ही सारा गंदा पानी उनके घरों व गलियों में खड़ा हो गया है। गंदगी के कारण मोहल्ले में चारों तरफ बदबू फैली हुई है और उनका अपने घरों में बैठना तक मुश्किल हो गया है। गलियों में फैली गंदगी के कारण यहां पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। लोगों ने बताया कि कई दिनों से खड़े पानी में मच्छरों की भरमार हो गई है और क्षेत्र में बीमारियां फैलने का भी डर बना हुआ है। लक्ष्य गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का ढोंग कर रहा है जबकि ऐसे कार्यक्रमों के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। यहां के लोगों ने जनसंवाद कार्यक्रम में भी अधिकारियों के सामने इस समस्या को उठाया था लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने यहां के लोगों की सुध नहीं ली जिससे लोगों में काफी रोष है। लक्ष्य गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार भट्टू क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही हैं। विकास के मामले में भट्टू क्षेत्र पूरी तरह पिछड़ चुका है। नेता वोट मांगने के लिए यहां आते हैं लेकिन उसके बाद इस एरिया की कोई सुध नहीं ली जाती।


**भट्टूकलां।** शिव कालोनी व नायक मोहल्ले के साथ अपनी समस्याओं को लेकर रोष जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## जिले से दो युवकों सहित सात लोग लापता, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में अलग-अलग स्थानों से दो सहित सात लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में भट्टूकलां निवासी शकुंतला रानी ने कहा है कि उसका 18 साल का लड़का अमित गत दिवस शाम को बिना बताए घर से चला गया है और वापस घर नहीं लौटा है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। दूसरे मामले में पुलिस को दी शिकायत में प्रताप नगर भट्टू मण्डी निवासी लीलूराम ने कहा है कि उसका 21 वर्षीय लड़का नंदलाल आईटीआई भोड़ियाखेड़ा में पढ़ता है। गत दिवस वह आईटीआई गया था और वापस नहीं लौटा है। एक अन्य मामले में भूना पुलिस ने गांव सिंथला निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 19 वर्षीय लड़की के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने नागपाल चौक, भीमा बस्ती फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी पत्नी के दो बच्चों सहित लापता होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में टोहाना पुलिस ने भाटिया नगर निवासी महिला की शिकायत पर उसकी 19 वर्षीय लड़की के तथा किला मोहल्ला निवासी महिला की शिकायत पर उससे मिलने आई उसकी 24 वर्षीय विवाहित लड़की के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। महिला ने अंकित निवासी बुआनीखेड़ा नामक युवक पर आरोप लगाया है।

## भजन मंडलियों ने गांवों में किया योजनाओं का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा महानिदेशक मंदीप बराड़ के निर्देशानुसार जिला में विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जिला के सभी गांवों और शहरों के वाडार्ें को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला में अब तक विभाग द्वारा कुल 25 गांवों में भजन पार्टियों ने सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार कर चुकी है।

**प्रचार-प्रसार किया**

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिलाभर में विशेष प्रचार अभियान में विभागीय नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंच रही हैं। भजन पार्टियां अपनी गीत व संगीतमयी मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक करने का काम कर रही है। शुक्रवार को भजन पार्टी लीडर बलराज एंड टीम ने गांव नागली, भजन पार्टी लीडर अजय सिंह एंड टीम ने गांव किरढ़ान, भजन पार्टी लीडर बुट्टा राम एंड टीम ने गांव भट्टू सौत्र, भजन पार्टी लीडर महाबीर सिंह एंड टीम ने चौबारा तथा भजन पार्टी लीडर जय सिंह एंड टीम ने गांव काजल हेड़ी में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार व प्रसार किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भजन पार्टी लीडर बलराज एंड टीम ने गांव पारता, पिरथला, सनियाना व नागला, भजन पार्टी लीडर अजय सिंह एंड टीम ने गांव भोडिया खेड़ा, मानावाली, ढिंगसरा व सिरढ़ान, भजन पार्टी लीडर बुट्टा राम एंड टीम ने गांव हिजरावां कलां, दौलतपुर, अहलीसदर व नखाटिया, भजन पार्टी लीडर महाबीर सिंह एंड टीम ने गांव चंद्रावल, जांडली कलां व खुर्द और मोची तथा भजन पार्टी लीडर जय सिंह एंड टीम ने गांव धांगड़, एमपी रोही, बालनवाली व खजूरी में प्रचार प्रसार कर नागरिकों को विभिन्न योजनाओं बारे जागरूक किया जा चुका है।


**फतेहाबाद।** गांवों में सरकार की नीतियों का गुणगान करते लोक संपर्क विभाग की विभागीय नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टी कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### लंबित मामलों के समाधान के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने चलाया स्पेशल ड्राइव

**फतेहाबाद।** हरियाणा मूल्य वर्धित कर यानि एचवीएटी एक्ट 2003 और अन्य एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों के समाधान के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा 31 जुलाई तक एक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है जो कि 3 जुलाई से शुरू हो चुका है। इस स्पेशल ड्राइव में 30 जून, 2017 तक अस्समेंट केसों के लंबित मामलों के समाधान के लिए फतेहाबाद जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यदिवस में व्यापारियों के लंबित मामलों के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापारीगण सुबह 11 बजे से 1 बजे तक अपने लंबित मामलों के समाधान के लिए मिल सकते हैं। जिला उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (ब्रिकी कर) आंनद सिंह ने बताया कि जिन व्यापारियों का जीएसटी लागू होने से पहले कोई रक्टीफिकेशन/ डिलीशीन, रिमांड केस, रिएसेमेंट केस आदि किसी प्रकार का कोई लंबित मामला बकाया है तो वे विभाग में आकर अधिकारियों से मिलकर लंबित मामलों का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने व्यापारियों से पुनः अपील की है कि जिले के व्यापारीगण इस स्पेशल ड्राइव का पूरा लाभ उठाये।

### जल भराव की समस्या का समाधान न होने पर नपा कार्यालय पर तालाबंदी की चेतावनी

**रतिया।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि अगर रतिया में जल भराव की निकासी के लिए नगर पालिका द्वारा कोई उचित कार्य योजना नहीं बनाई गई तो पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति रतिया नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी कर देगी। समिति के जिला कोषाध्यक्ष सुखदीप सिंह ने बताया कि रतिया शहर में प्रशासन द्वारा बरसाती पानी की जल निकासी के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं किया जा रहा जिस कारण पुराना बस स्टैंड, कैंटर यूनियन के पास व सरदूलगढ़ मोड पर बरसात के समय कई कई फुट बरसाती पानी जमा हो जाता है और आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कदम उठाए जा रहे हैं और ना ही सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। इसको देखते हुए अब पगड़ी संभाल जट्टा ने निर्णय लिया है कि अगर रतिया नगर पालिका प्रशासन द्वारा दो दिनों में जल भराव की समस्या के लिए उचित कार्य नहीं किया गया तो समिति के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी कर देंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005

## एनसीसी में भी ए ग्रेड के साथ नीतीश ने पाया था अपनी यूनिट में पहला स्थान

# सैनिक स्कूल पहुंचे नीतीश सेलपाड़, युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ का गांव खाराखेड़ी स्थित सैनिक स्कूल में स्वागत किया गया। इस दौरान जिला फतेहाबाद के कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा ने उन्हें विशेष उपहार भेंट करके विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि नीतीश सेलपाड़ ने हिसार के डीएन कॉलेज हिसार में पढ़ते समय हरियाणा आर एण्ड वी स्क्वाड्रन एनसीसी हिसार के सक्रिय कैडेट थे, जहां कर्नल डी वी नेहरा उनके कमांडिंग ऑफिसर थे। कर्नल नेहरा ने अपने कैडेट नीतीश सेलपाड़ की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त की और उनके आगे के करियर में और अधिक उपलब्धि हासिल करने की कामना की। कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा ने कहा कि एनसीसी में भी नीतीश ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड के साथ सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि नीतीश पौधारोपण, समाजसेवा व दूसरे क्षेत्रों में हमेशा ही अग्रणी रहा है। इस दौरान नव चयनित एचसीएस नीतीश ने अपनी सफलता का श्रेय उस अनुशासित जीवन को दिया जो उन्होंने अपने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीवी नेहरा के कुशल मार्गदर्शन में एनसीसी में एक कैडेट के रूप में सीखा था। इस दौरान नीतीश के पिता चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने उनके बेटे को अनुशासित जीवन और एक अच्छे इंसान के रूप में मार्गदर्शन करने के लिए कर्नल डीवी नेहरा को धन्यवाद करते हुए आभार जताया। इस दौरान सुपर माइंड ब्रेन के सीईओ सतीश सरोहा, जितेन्द्र सैन व अन्य मौजूद रहे।


**फतेहाबाद।** एचसीएस में प्रदेश स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ का स्वागत करते कमांडेंट कर्नल डी वी नेहरा। *फोटो : हरिभूमि*

### अपने लक्ष्य पर फोकस करें युवा : नीतीश

युवाओं को प्रेरित करते हुए एचसीएस नीतीश सेलपाड़ ने कहा कि यदि युवा कुछ करने करने की ठान लें तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। बस अपने टारगेट पर फोकस पूरी तरह से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए, इनमें टाइम वेस्ट नहीं करना चाहिए और फोन के माध्यम से शिक्षा संबधी कोई अच्छी जानकारी ही हासिल करनी चाहिए। युवाओं को सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि पढ़ाई करते पूरे फोकस के साथ पढाई करे। इस दौरान एचसीएस नीतीश सेलपाड़ ने कहा कि छात्र-छात्राओं के अगर कम रैंक आए तो उन्हें निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि अच्छे तरीके से परीक्षा की दोबारा तैयारी करके अव्वल अंक हासिल करने का प्रयास करना चाहिए।

### कई टेस्ट कर रखे हैं क्लियर

नीतीश सेलपाड़ एचसीएस की परीक्षा पास करने से पहले क्लर्क पद पर कार्यरत थे। हाल ही में नीतीश ने यूपीएससी का प्री-टेस्ट भी क्लीयर किया है। नीतीश सेलपाड़ ने इससे पहले भी हरियाणा पुलिस के सब इस्पेक्टर का पेपर क्लियर किया था, पर उसने यह नौकरी ज्वाइन नहीं की थी। तब उसने क्लर्क की नौकरी करते हुए एचसीएस व यूपीएससी की परीक्षा को ही टारगेट किया। बकौल नीतीश सेलपाड़ उसका यूपीएससी का पहला पेपर क्लीयर हो गया है, और वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है।